तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025

12 जिले में चला 16 दिवसीय लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन अभियान



13 बस्तर, विशाखापट्टनम, भुवनेश्वर, राउरकेला ...





## खबर संक्षेप



### ओलंपिक के समापन में मनमोहक आतिशबाजी

**जगदलपुर।** समापन समारोह का मुख्य आकर्षण वह अद्भुत आतिशबाजी रही, जिसने मानो रात के खुले आसमान को अचानक सतरंगी बादलों से भर दिया। अलग-अलग रंगों और आकार के पटाखों की लड़ियां जब एक साथ फूटीं, तो ऐसा प्रतीत हुआ जैसे इंद्रधनुष के सारे रंग नीचे उतर आए हों। पारंपरिक और आधुनिक खेलों के महाकुंभ रहे बस्तर ओलंपिक के सफल आयोजन के बाद, इस भव्य आतिशबाजी ने उत्सव के माहौल को चरम पर पहुँचा दिया। उपस्थित जनसमूह, जिसमें स्थानीय निवासी, खिलाड़ी और गणमान्य व्यक्ति शामिल थे, इस नयनाभिराम दृश्य को अपने कैमरों में कैद करने और खुली आँखों से निहारने में मशगूल रहे। यह आतिशबाजी सिर्फ पटाखों का प्रदर्शन नहीं थी, बल्कि बस्तर की समृद्ध खेल संस्कृति और यहां की शांतिपूर्ण प्रगति का एक चमकदार प्रतीक थी।

### 30 लाख में प्रकरणों का हुआ राजीनामा



**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में 30 लाख रुपए की राशि पर एक प्रकरण में पक्षकारों के मध्य आपसी सुलह से राजीनामा करवाया गया। नेशनल लोक अदालत की खंडपीठ में आयोग अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे पीठासीन अधिकारी रहे।

# जावंगा घुड़सवारी मार्चपास्ट में दक्ष बच्चों के प्रदर्शन ने किया लाजवाब

## केंद्रीय गृह मंत्री और मुख्यमंत्री ने देखा बस्तर ओलंपिक में प्रतिभाओं का प्रदर्शन और नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह तथा अन्य अतिथियों ने बस्तर ओलम्पिक समापन सत्र के दौरान नुवा बाट के व्हीलचेयर रेस, रिले रेस, रस्साकसी सहित अन्य प्रतिस्पर्धाओं का फाइनल मुकाबला देखा। साथ ही बस्तर अंचल एवं छत्तीसगढ़ की लोकरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी देखी। वहीं एजुकेशन सिटी जावंगा के घुड़सवारी में दक्ष बच्चों ने मार्चपास्ट में हिस्सा लेकर आकर्षण का केंद्र बने। अतिथियों ने विजेताओं यूथ आइकॉन को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान ध्वज मुख्य अतिथि को सौपा गया। संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक की सबसे खास बात ये रही कि इसमें 700 से अधिक नुवा बाट (आत्म समर्पित माओवादी) तथा माओवादी हिंसा में प्रभावित दिव्यांग खिलाड़ी भी शामिल हुए। वहीं करीब 2 हजार 800 से ज्यादा अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में मुख्य रूप से फुटबॉल, वॉलीबॉल, कराटे, वेटलिफ्टिंग, बैडमिंटन, कबड्डी, आर्चरी, एथलेटिक्स, रस्साकसी, हॉकी और रिलेरेस शामिल है।



### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप एवं भोजराज नाग, विधायक सुश्री लता उसेंडी, किरण देव, विक्रम उसेंडी, नीलकंठ टेकाम, विनायक गोयल, आशाराम नेताम तथा छत्तीसगढ़ बेवरेज कारपोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, महापौर संजय पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी तथा खेलप्रेमी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के ठेकेदार के एजेंट मिर्च तुड़ाई में ले जा रहे

# रोजगार का संकट गहराया, धान कटाई खत्म होते ही मजदूरों का पलायन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

धान कटाई का सीजन समाप्त होते ही जिले में बेरोजगारी एक बार फिर सिर उठाने लगी है। काम की तलाश में बड़ी संख्या में ग्रामीण मजदूर अपने परिवारों के साथ आंध्रप्रदेश और तेलंगाना की ओर पलायन को मजबूर हो रहे हैं। अलग–अलग गांवों से मजदूर परिवार पिकअप वाहनों में भरकर बाहर राज्यों में मिर्च तुड़ाई के काम के लिए रवाना हो रहे हैं, जिनमें छोटे बच्चे भी शामिल हैं। केंद्र सरकार ने मनरेगा और अन्य रोजगार गारंटी योजनाओं के तहत 125 दिनों तक रोजगार देने की व्यवस्था लागू की है, लेकिन जमीनी स्तर पर इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। स्थिति यह है कि मजदूरों को आजीविका के लिए एक राज्य से दूसरे राज्य तक दर-दर भटकना पड़ रहा है। जिले में धान कटाई खत्म होते ही तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के ठेकेदारों से जुड़े दलाल सक्रिय हो जाते हैं। स्थानीय एजेंट मजदूरों को 300 रुपये दैनिक मजदूरी, भोजन, रहने की व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का लालच देकर झांसे में लेते हैं। मजदूरों को पिकअप वाहनों में भरकर मिर्च तुड़ाई के लिए भेजा जाता है। भैरमगढ़ के स्थानीय एजेंट सोनू ओयम 30 मजदूरों पुरुष, महिलाएं और कुछ बच्चों को पिकअप में भरकर तेलंगाना ले जा रहा था। पूछने पर उसने बताया कि चंद्रपटना के ठेकेदार सत्तीन ने उससे संपर्क किया है और मजदूरों को मिर्च तुड़ाई के लिए बुलाया है। बदले में उसे मोटी कमीशन मिलती है। मजदूर सुखराम ने बताया, जिले में अब कोई रोजगार नहीं बचा है। मजबूरी में बाहर जाना पड़ रहा है। तेलंगाना में मिर्च तुड़ाई के काम के बदले 300 रुपये रोज मिलेंगे। वहीं, मजदूर पंडरू का कहना है कि सरकारी योजनाओं में पर्याप्त काम न मिलने और स्थानीय स्तर पर रोजगार की कमी के कारण हर साल यही स्थिति बनती है। धान कटने के बाद जिले में रोजगार लगभग समाप्त हो जाता है।

■ पिकअप में जा रहे लोगों के साथ नाबालिग भी





### 14 साल के मासूम भी मजदूरी को मजबूर



महज 14 वर्ष की उम्र में दो मासूम अपने घर–परिवार की आर्थिक मजबूरी का बोझ उठा रहे हैं। बच्चों ने बताया कि उनके छोटे भाई–बहन भी हैं, माता–पिता मजदूरी करते हैं, लेकिन आमदनी इतनी कम है कि गुजारा नहीं होता। इसलिए वे गांव के अन्य लोगों के साथ मजदूरी करने निकल पड़े हैं।

### मजदूरों को बंधक बनाने की शिकायतें, 18 को कराया मुक्त

ठेकेदार अधिक मजदूरी का लालच देकर आदिवासी मजदूरों को ले जाते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद उनकी असल मंशा सामने आ जाती है। कई बार मजदूरों को बंधक बनाकर मुफ्त में काम करवाने की घटनाएँ सामने आई हैं। नवंबर में श्रम विभाग ने बीजापुर जिले के 18 मजदूरों को कर्नाटक के बालगल जान मट्टी इलाके में ठेकेदारों के चंगुल से छुड़ाकर सुरक्षित वापस लाया था।

### मजदूरों को दी समझाइश

"मैं भोपालपटनम से निरीक्षण कर लौट रहा था। पिकअप में भरकर मजदूरों को ले जा रहे एजेंट का नंबर लिया है और उससे बात भी की है। मजदूरों को समझाया गया है। उनके साथ दो नाबालिग भी हैं। उन्हें रोकने के लिए बीजापुर कोतवाली को सूचना दी गई है। सभी को थाने ले जाकर जानकारी ली जाएगी।

-**लोकेन्द्र वैष्णव,** निरीक्षक श्रम विभाग बीजापुर

### मलखंभ खिलाड़ियों ने ओलंपिक में दिखाए हैरतअंगेज कारनामे





**जगदलपुर।** बस्तर ओलम्पिक का समापन समारोह स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में आयोजित किया गया, जहां नारायणपुर के मलखम्भ खिलाड़ियों ने अपने अविश्वसनीय प्रदर्शन से पूरे स्टेडियम को स्तब्ध कर दिया। इस प्राचीन भारतीय कला और खेल के महारथियों ने अपनी अद्भुत साहस और उत्कृष्ट सन्तुलन का ऐसा नजारा पेश किया कि दर्शक अपनी सीटों से हिल नहीं पाए और दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर हो गए। खिलाड़ियों ने ऊंचे, चिकने लकड़ी के खंभे और लोहे के पतले खंभे पर जिस सहजता और नियंत्रण के साथ जोखिम भरे आसन किए, वह उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत और समर्पण को दर्शाता है। गुरुत्वाकर्षण को चुनौती देती उनकी कलाबाजियां और शारीरिक लचीलापन हर किसी के लिए प्रेरणादायक था। यह प्रदर्शन केवल खेल का प्रदर्शन नहीं था, बल्कि देश के इस पारंपरिक खेल की गरिमा और सुंदरता का एक जीवंत प्रमाण था। नारायणपुर के इन युवा खिलाड़ियों के हैरतअंगेज प्रदर्शन ने बस्तर ओलम्पिक के समापन अवसर को न केवल यादगार बना दिया, बल्कि इस क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं की उत्कृष्टता को भी राष्ट्रीय पटल पर स्थापित कर दिया।



### फुटबॉल के महान खिलाड़ी बाईचुंग की प्रेरणा से बस्तरिया खिलाड़ियों का बढ़ा जोश

**जगदलपुर।** संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का भव्य समापन समारोह इस बार एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना। इस अवसर पर भारतीय फुटबॉल के महानतम खिलाड़ियों में से एक बाईचुंग भूटिया ने कार्यक्रम में शिरकत की, जिनकी उपस्थिति ने पूरे माहौल में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। अपने चहेते खिलाड़ी को अपने बीच पाकर बस्तर के नौजवान खिलाड़ी अत्यधिक उत्साहित और रोमांचित हो उठे। बाईचुंग भूटिया, जिन्हें भारतीय फुटबॉल में सिक्किमी स्निपर के नाम से जाना जाता है। उन्होंने केवल अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई, बल्कि खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से उनका उत्साह बढ़ाया और खेल के प्रति उनके समर्पण तथा जुनून की सराहना की। बाईचुंग भूटिया का नाम भारतीय फुटबॉल के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में ▸▸| शेष पेज 12 पर

■ संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक बाईचुंग भूटिया की उपस्थिति से मिली प्रेरणा

एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय–रोग सम्बंधित परामर्श लें
15 दिसंबर 2025 (सोमवार) को जगदलपुर में



छ.ग. के हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. दीपक कुमार
MD Medicine, DNB Cardiology
स्थानः- एम.पी.एम. हॉस्पिटल, जगदलपुर (छ.ग.)
दिनांकः- 15 दिसंबर 2025 (सोमवार) समयः दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा
समस्त ह्दय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध
ESIC, CSEB, SECL से मान्यता प्राप्त
पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें:-
9993309922/8120991117/8109229030



Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road, Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
9039855001/9039855002
www.smchospital.in

## ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर बस्तर का कब्जा, प्रतिभाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर ओलंपिक के अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में 'यूथ आइकॉन' और विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें एथलेटिक्स से लेकर पारंपरिक खेलों तक की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

जूनियर बालिका वर्ग में कोंडागांव की कृतिका मरकाम ने एथलेटिक्स 100 मीटर, 200 मीटर और 4100 मीटर रिले में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी शानदार फॉर्म का परिचय दिया। वहीं जूनियर बालक वर्ग में बस्तर के डमरू कश्यप ने 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में जीत दर्ज कर 'यूथ आइकॉन' के रूप में अपनी पहचान बनाई। सीनियर वर्ग में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। कोंडागांव की कु. सुशीला नेताम ने तीरंदाजी 30 मीटर और 50 मीटर स्पर्धाओं में दोहरी सफलता प्राप्त कर सीनियर महिला वर्ग में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। कांकेर के डिगेश्वर नुरेटी ने लंबी कूद में प्रथम और 200 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर सीनियर पुरुष आइकॉन का खिताब अपने नाम किया। आत्म समर्पित माओवादी (पुरुष) वर्ग में नारायणपुर के सुखलाल जूरी ने वॉलीबॉल में उत्कृष्ट खेल दिखाया, जबकि ग्राम पूर्वर्ती, जिला सुकमा की पोड़ियामी हिड़मे की टीम ने रस्साकस्सी में विजय हासिल की। पुनर्वासित दिव्यांग माओवादी वर्ग में बीजापुर की ▸▸| शेष पेज 12 पर

■ दौड़, कबड्डी, फुटबाल, बैडमिंटन और एथलेटिक्स स्पर्धाएं हुईं

## आईईडी ब्लास्ट में पैर खोए प्रतिभागियों ने व्हील चेयर दौड़ स्पर्धा में किया कमाल



**जगदलपुर।** संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक के समापन से पूर्व आयोजन स्थल पर एक ऐसा भावनात्मक और प्रेरणादायी क्षण देखने को मिला, जिसने उपस्थित हर व्यक्ति को भीतर तक झकझोर दिया। माओवादी बारूदी सुरंगों की चपेट में आकर अपने पैर गंवा चुके साहसी प्रतिभागियों की विशेष व्हील चेयर दौड़ का आयोजन किया गया, जिसने खेल भावना के साथ-साथ अदम्य साहस और आत्मविश्वास का सशक्त संदेश दिया। इस व्हील चेयर दौड़ में बीजापुर जिले के छोटे तुमनार निवासी किशन हपका, सुकमा जिले के पुसवाड़ा के माड़वी सुक्का, सुकमा जिले के ही मेड़वाही के मड़कम मुन्ना, बीजापुर जिले की सरस्वती ओयाम तथा करटम जोगक्का ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी माओवादियों द्वारा बिछाई गई आईईडी विस्फोटक सुरंगों की चपेट में आकर अपने पैरों से लाचार हो चुके ▸▸| शेष पेज 12 पर

## नेशनल लोक अदालत में 422 प्रकरणों का हुआ निपटारा, 3.30 करोड़ में राजानामी की



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश गोविन्द नारायण जांगड़े द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पश्चात दीप प्रज्जवलित कर किया गया। अदालत में रखे गए लंबित 881 प्रकरणों में से 66 आपराधिक प्रकरण, 11 व्यवहार वाद प्रकरण, 21 दावा प्रकरण, 9 पारिवारिक प्रकरण, 34 धारा 138 निई एक्ट के प्रकरण, 41 श्रम संबंधी प्रकरण, 128 स्पेशल सिटिंग के अन्तर्गत प्रकरण, 110 पेटी अफेंस के प्रकरण, स्थायी लोक अदालत के 2 प्रकरण के प्रकरण इस प्रकार 422 निराकृत लंबित प्रकरणों में रुपए 3 करोड़ 30 लाख 81 हजार 816 रूपए में राजीनामा के आधार पर उनका निराकरण ▸▸| शेष पेज 12 पर

■ लंबित 881 प्रकरणों में से 66 आपराधिक थे

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर




MRP. ₹ ~~999~~ से ₹ ~~1299~~
प्रति पीस वाले
प्रीमियम ब्रांडेड क्वालिटी
डिजिटल प्रिंट
मेन्स कुर्ता
₹333 में प्रति पीस
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
बस स्टैण्ड के सामने, मेन रोड, कोंडागांव
*condition apply

## खबर संक्षेप



### छात्राओं को किया सायकिल वितरण

**फरसगांव।** ब्लाक के ग्राम बंगोली के शासकीय हाई स्कूल में शनिवार को मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना के तहत स्कूल की छात्राओं को सायकल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल बड़ेडोंगर महेंद्र सलाम शामिल हुए। इस दौरान मंडल मंत्री जगदेव नाग एवं ग्राम के सरपंच हीरालाल नेताम एवं पंचगण सहित हाई स्कूल के प्राचार्य शिवराज नेताम, शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### धान खरीदी केंद्र बम्हनी की व्यवस्थाओं से संतुष्ट किसान

**कोण्डागांव।** ग्राम संबलपुर के किसान दिलीप कुमार नेताम ने धान खरीदी केंद्र बम्हनी में अपना 150 क्विंटल धान बेचते हुए केंद्र की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।



उन्होंने कहा कि केंद्र में किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और सभी प्रक्रियाएँ सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। दिलीप नेताम ने इलेक्ट्रॉनिक तौल व्यवस्था, ऑनलाइन टोकन और खरीद प्रक्रिया की सुविधा की सराहना की और राज्य सरकार द्वारा धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी को किसानों के लिए बड़ी राहत बताया। वर्तमान में किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ भी ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें साल में 6 हजार रुपये नियमित रूप से मिलते हैं, जो खेती से जुड़े खर्चों में मददगार हैं। किसान ने शासन की किसान हितैषी नीतियों और योजनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे किसानों का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे समृद्धि की ओर अग्रसर हैं।

# कोंडागांव के निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में पहुंची विदेशी सैलानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव द्वारा विकास नगर स्टेडियम में संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिनांक 13 दिसंबर 2025 की सुबह एक विशेष और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब इजराइल से आई एक विदेशी सैलानी प्रशिक्षण स्थल पर पहुंची। इस अवसर पर परिषद के जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने विदेशी सैलानी को जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व सैनिकों के मार्गदर्शन में युवक एवं युवतियों को प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को सेना, पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों में भर्ती के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम बनाना है।

## इजराइल से आई महिला ने पूर्व सैनिकों के प्रयासों की की सराहना



### कई प्रशिक्षु फोर्स में होकर दे रहे देश सेवा

जिला अध्यक्ष ने बताया कि परिषद के इस प्रयास से अब तक कई युवक–युवतियां विभिन्न सुरक्षा बलों में चयनित होकर देश सेवा कर रहे हैं, जो कोंडागांव जिले के लिए गर्व का विषय है। विदेशी सैलानी ने कहा कि वह इजराइल से भारत भ्रमण पर आई हैं और कोंडागांव में लड़कियों को सैन्य प्रशिक्षण लेते देखकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। उन्होंने महिला सशक्तिकरण और अनुशासन के इस उदाहरण की खुले दिल से प्रशंसा की।

### देशभक्ति नारों से गूंजा प्रशिक्षण परिसर

प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रशिक्षुओं, पूर्व सैनिकों और अतिथियों ने मिलकर भारत माता की जय वंदे मातरम और जय जवान, जय किसान के गगनभेदी नारे लगाए, जिससे पूरे परिसर में देशभक्ति का वातावरण बन गया। विदेशी सैलानी की उपस्थिति से प्रशिक्षुओं का उत्साह बढ़ा और यह कार्यक्रम युवाओं के लिए एक नई प्रेरणा का स्रोत बना।

महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम

# जिले में चला 16 दिवसीय लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू प्रकाश के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक लिंग आधारित हिंसा समाप्ति के लिए चलाया गया 16–दिवसीय जन जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अभियान की शुरुआत महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन के अंतर्राष्ट्रीय दिवस से हुई और मानवाधिकार दिवस पर इसका समापन किया गया। अभियान के दौरान स्कूलों, पंचायतों, आंगनबाड़ी केंद्रों और विभिन्न संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें बाल विवाह रोकथाम, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट डीवी एक्ट तथा भारतीय न्याय संहिता 2023 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत महिलाओं के अधिकारों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रमों में वन स्टॉप सेंटर, जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र हब, शक्ति सदन, सखी निवास जैसी सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पोर्टल, हेल्पलाइन और साइबर क्राइम हेल्पलाइन के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत टेकापाल, मालाकोट, पलारी, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालाकोट, पुलिस लाइन कोण्डागांव, आंगनबाड़ी केंद्र बाजारपारा, लवलीहुड कॉलेज सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रें में कार्यक्रम हुए।



### समापन कार्यक्रम में शपथ, प्रतियोगिताएं और पुरस्कार वितरण

*समापन समारोह में महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन, गुड टच–बैड टच, पोषण आहार, महिला सशक्तिकरण, मोबाइल के दुष्परिणाम, हेल्पलाइन नंबरों और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई तथा गीत, कविता, रंगोली, मेंहदी और भाषण प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सहायक परियोजना अधिकारी पुनेश्वर वर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र सोनी, संरक्षण अधिकारी सावित्री कोर्राम, जिला मिशन समन्वयक रीना सिंह, जेंडर विशेषज्ञ माधुरी उसेंडी, परामर्शदाता ममता रॉय एवं अनिल कुमार नायक सहित लकॉलेज के मास्टर ट्रेनर एवं प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।*

## मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए हुई अंतर-विभागीय समन्वय बैठक



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु अंतर–विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि जिले के अधिक मलेरिया संक्रमण वाले ग्रामों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। सभी विभागों की सहभागिता सुनिश्चित रहे सर्वेक्षण, रोकथाम और त्वरित उपचार गतिविधियों को गति मिले सफाई अभियान, फॉगिंग और जल निकासी सुधार पर विशेष जोर बैठक में मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए निम्न गतिविधियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए गली, मोहल्लों में सफाई अभियान, फॉगिंग, लार्वा नष्टिकरण, जल निकासी सुधार, सामुदायिक जागरूकता अभियान को बढ़ावा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी ने जिले में मलेरिया की वर्तमान स्थिति प्रभावित ग्रामों संक्रमण के रुझान के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियाँ व भूमिका स्पष्ट की गई। इनमें शामिल हैं पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगर पालिका, पीडब्ल्यूडी, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा, मत्स्य पालन, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, शिक्षा एवं कृषि विभाग सभी विभागों को मलेरिया उन्मूलन में समन्वित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

## पुलिस भर्ती में कथित अनियमितताओं के विरोध में नारायणपुर से कोंडागांव तक पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले में हाल ही में संपन्न पुलिस भर्ती प्रक्रिया में सामने आई गंभीर अनियमितताओं एवं स्थानीय युवाओं के साथ हुई व्यापक धोखाधड़ी के विरोध में नारायणपुर से कोंडागांव तक एक शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक पैदल यात्रा आयोजित की जा रही है।



इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं के रोजगार के अधिकारों की रक्षा करना तथा उन्हें उनके ही जिले में न्याय दिलाना है। विजय सलाम ने कहा नारायणपुर जैसे आदिवासी एवं नक्सल प्रभावित जिले में रोजगार के अवसर पहले से ही सीमित हैं। ऐसे में पुलिस भर्ती स्थानीय युवाओं के लिए आजीविका, सम्मान और सुरक्षित भविष्य का सबसे बड़ा माध्यम मानी जाती है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस भर्ती प्रक्रिया में जिले के सैकड़ों योग्य युवक-युवतियों को नजरअंदाज कर बाहरी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी गई, जिससे स्थानीय युवाओं में भारी निराशा और आक्रोश व्याप्त है।

### पदयात्रा का उद्देश्य

पदयात्रा के दौरान युवा अपने हक, अधिकार और रोजगार की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेंगे। कोंडागांव पहुंचकर पुलिस भर्ती के चेयरमैन को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें भर्ती प्रक्रिया की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने तथा भविष्य में सभी पुलिस भर्तियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देते हुए स्थानीय भर्ती नीति लागू करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल होगी।

### शांतिपूर्ण संघर्ष में हो शामिलः आयोजक

यह आंदोलन किसी एक संगठन या राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि नारायणपुर जिले के उन सभी युवाओं का है, जिनका सपना नौकरी पाकर अपने परिवार का सहारा बनने का है। स्थानीय युवाओं को उनके ही जिले में रोजगार से वंचित करना सामाजिक अन्याय है और इससे क्षेत्र में असंतोष व बेरोजगारी बढ़ रही है। आयोजकों ने जिले के समस्त युवाओं, छात्र संगठनों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं जागरूक नागरिकों से अपील की है कि वे इस शांतिपूर्ण संघर्ष में शामिल होकर स्थानीय युवाओं के रोजगार अधिकार की इस लड़ाई को मजबूती प्रदान करें और न्याय की इस मांग को शासन तक मजबूती से पहुंचाएंगे।

# थाना अनंतपुर में कोटवारों की बैठक, सुरक्षा व सतर्कता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- मुसाफिर रजिस्टर संधारण और बाहरी लोगों का विवरण दर्ज करने के निर्देश

पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा भापुसे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल रापुसे के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार रापुसे के पर्यवेक्षण में थाना अनंतपुर में थाना क्षेत्र के कोटवारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व थाना प्रभारी गोपेन्द्र पटेल द्वारा किया गया। बैठक में कोटवारों को निर्देशित किया गया कि वे मुसाफिर रजिस्टर तैयार कर गांव में बाहर से आने–जाने वाले फेरीवालों, कबाड़ी सामान खरीदने वालों, कुर्सी बेचने वालों तथा मजदूरी के लिए बाहर से आने वाले व्यक्तियों का नाम व विवरण अनिवार्य रूप से दर्ज करें। कोटवारों को गांव में होने वाली किसी भी प्रकार की घटना, विवाद या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल थाना अनंतपुर को देने की समझाइश दी गई, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। बैठक में साइबर अपराध से ठगी के तरीकों की जानकारी देते हुए कोटवारों को गांव–गांव मुनादी कर जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि यदि कोई अनजान व्यक्ति बैंक खाता, ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी मांगे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।



### सुरक्षा ही बचाव है का संदेश

पुलिस द्वारा कहा गया कि आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखने के लिए सतर्क रहना जरूरी है। सभी कोटवारों को गांवों में सतर्कता बनाए रखने एवं नियमित रूप से जागरूकता संदेश प्रसारित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कुपोषण उन्मूलन में सक्रिय भागीदारी पर दिया जोर

# सुपोषित जीवन अभियान के तहत पोषण सखियों की कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कुपोषण मुक्त जिले के लिए अभियान एक महत्वपूर्ण कदम



जिला कार्यालय सभाकक्ष में गुरुवार को जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण सखियों की कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि सुपोषित जीवन अभियान कुपोषण उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कलेक्टर ने पोषण सखियों से कहा कि किसी भी बच्चे में कुपोषण के लक्षण दिखें तो उसकी आयु और वजन की जानकारी तुरंत विभाग तक पहुँचाएं। साथ ही निर्धारित डाइट चार्ट के अनुसार भोजन देने के लिए परिजनों को प्रेरित करें।

उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं में खून की कमी आम समस्या है, जो मां और शिशु दोनों को प्रभावित करती है। महिलाओं और बालिकाओं के पोषण युक्त भोजन पर विशेष ध्यान देने तथा मिलेट के उपयोग को बढ़ाने की सलाह दी।पिरामल फाउंडेशन के जिला लीड प्रदीप राव ने अभियान की रूपरेखा, लक्ष्य एवं समुदाय आधारित गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायतों का निर्माण एवं समुदाय में पोषण संबंधी व्यवहार में सुधार लाना है। कार्यक्रम में प्रोग्राम लीडर यास्मीन मेमन, सीडीपीओ संजय पोटायी तथा सुपरवाइजर्स उपस्थित रहे।



## चैतु गायता कॉलेज में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक स्थित चैतु गायता कॉलेज, फरसगांव में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव (वन नेशन, वन इलेक्शन)' को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों सहित आम नागरिकों को एक साथ चुनाव कराने की अवधारणा से अवगत कराना तथा इसके लाभों पर व्यापक चर्चा को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हस्ताक्षर कर अपना समर्थन व्यक्त किया। वक्ताओं ने बताया कि एक राष्ट्र, एक चुनाव लागू होने से बार-बार होने वाले चुनावों पर होने वाला भारी खर्च कम होगा, प्रशासनिक व्यवस्था पर पड़ने वाला बोझ घटेगा और विकास कार्य बिना बाधा के निरंतर आगे बढ़ सकेंगे।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर प्रशांत पात्र, धनेन्द्रमणि निषाद, सोनाली नेताम, एवन पुजारी, ऋषि बर्मन, डगेंद्र नाग, करण साहू, माधव पात्र, किशोर, सनी, कुलदीप, घनश्याम परमार सहित शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित रहे ।



### एक चुनाव से नीति-निर्धारण में आएगी स्थिरता

अभियान में यह भी कहा गया कि एक साथ चुनाव होने से नीति-निर्धारण में स्थिरता आएगी तथा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक सशक्त होगी। विद्यार्थियों से आग्रह किया गया कि वे इस विषय पर सकारात्मक संवाद स्थापित करें और समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी लोकतांत्रिक सुधारों से जुड़े ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

## मयूरडोंगर में हुआ 3 दिवसीय तकनीकी उन्नयन प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में मछली पालन विभाग, जिला कोंडागांव ने ग्राम मयूरडोंगर में 03 दिवसीय तकनीकी उन्नयन प्रशिक्षण का आयोजन किया। प्रशिक्षण दिनांक 10 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित किया गया, जिसमें ग्राम मयूरडोंगर एवं ग्राम चारगांव के कुल 40 कृषक लाभान्वित हुए। प्रशिक्षण में मछली पालन की वैज्ञानिक विधियों और विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। वर्ष 2018–19 में समन्वित कृषि को बढ़ावा देने एवं कृषि, मुर्गीपालन, मछली पालन और उद्यानिकी फसल के क्षेत्र में 110 एकक्लस्टर विकास की संकल्पना के तहत यह पहल शुरू की गई थी।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में सरपंच मयूरडोंगर जयलाल नेताम, विशेषज्ञ योगेश कुमार देवांगन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मयूरडोंगर के प्राचार्य जमील खान और व्याख्याता यशवंत देवांगन उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### फुटबॉल के महान ....

दर्ज है। वह यूरोपियन क्लब (इंग्लैंड के बरी फुटबॉल क्लब) के लिए खेलने वाले पहले भारतीय फुटबॉलर बने थे, जिसने भारतीय प्रतिभा के लिए वैश्विक द्वार खोले। लंबे समय तक भारतीय राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने और 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का उनका रिकॉर्ड है। खेल में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार और देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया है। एक ऐसे खिलाड़ी, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया, उनके प्रेरक शब्द और सहज उपस्थिति ने बस्तर के खिलाड़ियों को यह विश्वास दिलाया कि वे भी बड़े मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। स्थानीय युवा खिलाड़ियों की आँखों में एक चमक और अपने सपनों को साकार करने का एक नया जोश साफ दिखाई दिया।

### ओवरऑल चैंपियनशिप ....

सरस्वती ओयाम और सुकमा के मड़कम मुन्ना ने भी अपने जज्बे और क्षमता से सभी को प्रेरित किया। सामूहिक स्पर्धाओं में बस्तर जिले का दबदबा साफ नजर आया। 4x100 मीटर रिले रेस के सीनियर वर्ग में महिला और पुरुष दोनों टीमों ने प्रथम पुरस्कार जीतकर उत्कृष्ट तालमेल और तैयारी का परिचय दिया। महिला टीम में मदयी नाग, प्रमिला मंडावी, देवंती मरकाम और पीसो पोयाम शामिल रहीं, जबकि पुरुष टीम में जॉन जैकब, जावेद शाह, हरीश ठाकुर और आदर्श झा ने जीत का परचम लहराया। ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर बस्तर जिले ने कब्जा जमाया। वॉलीबॉल में रेहान बघेल, फुटबॉल में सूर्यकांत झाड़ी, हॉकी में कु. सरिता सोरी और मनीष मौर्य, खो-खो में कुमारी मोती कश्यप, कबड्डी में कु. राखी कश्यप, वेटलिफ्टिंग में कुमारी महिमा हक्कू, कराटे में कु. अनुष्का उसेंडी, बैडमिंटन में कुमारी स्वाति प्रिया और एथलेटिक्स में प्रमिला मंडावी के शानदार प्रदर्शन ने बस्तर की बहुमुखी खेल प्रतिभा को उजागर किया। बस्तर ओलंपिक 2025 का यह सफल आयोजन इस बात का सशक्त प्रमाण है कि बस्तर अंचल प्रतिभाओं से परिपूर्ण है और सही अवसर मिलने पर यहां के खिलाड़ी राज्य और देश के खेल मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान बनाने की क्षमता रखते हैं।

### आईईडी ब्लास्ट में पैर ....

हैं, लेकिन इसके बावजूद उनके हौसले और जज्बे में कोई कमी नहीं दिखी। व्हील चेयर पर दौड़ते हुए इन साहसी लोगों ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि शारीरिक अक्षमता उनके सपनों और आत्मविश्वास को रोक नहीं सकती। उन्होंने अपने संघर्ष और जीवटता के माध्यम से यह साबित किया कि माओवादी हिंसा उनके जीवन की गति को थाम नहीं सकी है और वे पूरे आत्मबल के साथ आगे बढ़ने के लिए संकल्पित हैं। दौड़ के दौरान दर्शकों की तालियों और उत्साह ने माहौल को भावुक बना दिया। यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि साहस, उम्मीद और सकारात्मक सोच का प्रतीक बन गया। बस्तर ओलम्पिक के मंच से दिया गया यह संदेश लंबे समय तक लोगों के मन में प्रेरणा के रूप में जीवित रहेगा कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी जीवन के प्रति विश्वास और आगे बढ़ने की इच्छा सबसे बड़ी ताकत होती है।

### नेशनल लोक अदालत ....

आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया गया। राजस्व न्यायालयों में गठित 20 खण्डपीठों में 32744 राजस्व प्रकरणों एवं जिला उपभोक्ता फोरम द्वारा एक प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार सभी प्रमुख बैंकों, बीएसएनएल विभाग, विद्युत विभाग एवं जलकर द्वारा रखे गए 5278 प्रकरणों में से बैंकों के 62 प्रकरण, बीएसएनएल के 35 प्रकरण एवं जलकर के 24 प्रकरण इस प्रकार 121 प्रकरणों में रुपए 54 लाख 68 रूपए में राजीनामा के आधार पर प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का अंतिम निराकरण किया गया। साथ ही अदालत में अधिवक्ताओं, राजस्व विभाग, नगरपालिक निगम, बैंकों, बीएसएनएल विभाग के सहयोग से 33 हजार 288 रूपए प्रकरणों का निराकरण किया गया।

परिसर में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर : व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अंकिता कश्यप ने बताया कि नेशनल लोक अदालत हेतु चिकित्सा विभाग के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया, जिसमें पक्षकारों एवं आमजनों ने स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया।

## महिला उद्यमिता और एमएसएमई को बढ़ावा देने पर रहा विशेष जोर

# फरसगांव में हुई जिला स्तरीय रैम्प संवेदनशीलता कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



रेज़िंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (आरएएमपी) कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत जिला स्तरीय रैम्प संवेदनशीलता कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को फरसगांव गोंडवाना भवन बाजारपारा में, विद्युत कार्यालय के पास सफलतापूर्वक किया गया। यह कार्यक्रम रैम्प योजना के अंतर्गत निटकॉन लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम ( सीएसआईडीसी) के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं, स्वयं सहायता समूह की सदस्यों एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से जुड़ने के इच्छुक प्रतिभागियों को उद्यमिता की बुनियादी जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में कुल 30 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला में विभिन्न वर्गों के प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर सभी सत्रों में रुचिपूर्वक सहभागिता की। जिला उद्योग व्यापार केंद्र से आये हुए नम्रता एल्मा ने अपने संबोधन में उपस्तिथ उन्होंने महिला उद्यमिता, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा एमएसएमई योजनाओं से महिलाओं को जोड़ने पर अपने विचार व्यक्त किए। हेमन्त गजेंद्र ने रैम्प कार्यक्रम के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कार्यशाला का सफल संचालन किया। एमएसएमई योजनाएँ एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया में सुम्मैया फातिमा ने एमएसएमई योजनाओं एवं उनकी प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। रविन्द्र नाथ ने उद्यम पंजीकरण प्रक्रिया एवं उसके लाभों की चरणबद्ध जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन निटकॉन लिमिटेड की टीम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। सभी प्रतिभागियों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताया तथा भविष्य में इस प्रकार के और कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया।

# राज्यस्तरीय एनएसएस समीक्षा बैठक में शमक विवि चमका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत सरकार युवा खेल मंत्रालय एवं उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक गुरुवार को

■ बस्तर के जनकल्याणकारी कार्यों को मिली विशेष सराहना

एनएसएस प्रकोष्ठ, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित हुई। बैठक में सत्र 2025-26 के मुख्य एजेंडा पर विस्तार से चर्चा की गई।

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ सजीवन कुमार ने विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सभी एनएसएस इकाइयों की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बस्तर में आयोजित होने वाले सात दिवसीय विशेष शिविरों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा भी साझा की। राज्य एनएसएस अधिकारी द्वारा शमक विवि के कार्यों के साथ-साथ कांकेर जिले में चलाए गए जनकल्याणकारी गतिविधियों और विशेष शिविर आयोजन पर जिला संगठक भागीरथी नायक की सराहना की गई।

डॉ. सजीवन ने आगामी सत्र 2025-26 के लिए बस्तर में प्रस्तावित राज्य स्तरीय एनएसएस कैंप की संभावित तिथि प्रदान किए जाने पर राज्य एनएसएस अधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया।



बैठक में शासन द्वारा प्रदत्त अनुदान राशि, उपयोगिता प्रमाणपत्र,राज्य स्तरीय विशेष शिविर आयोजन, स्वयंसेवकों के पंजीयन,वार्षिक कैलेंडर,विश्वविद्यालय स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक तथा माय भारत पोर्टल पर पंजीयन व कार्यक्रम निर्माण जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कार्यक्रम समन्वयक तथा जिलों के जिला संगठक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ नीता बाजपेयी सहित सभी कार्यक्रम समन्वयकों एवं जिला संगठकों का सम्मान किया गया। बैठक में पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ गजपाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। विश्वविद्यालय की ओर से जिला संगठक भगवान दास चांडक, मौसमी विश्वास,अनीता झा एवं कार्यालय सहायक हरीश रामटेक की उपस्थिति रही। रायपुर में आयोजित राज्यस्तरीय एनएसएस समीक्षा बैठक में 2025-26 के वार्षिक एजेंडा पर व्यापक विमर्श हुआ। शमक विवि की सभी इकाइयों ने उत्कृष्ट कार्यों के कारण राज्य स्तर पर प्रशंसा अर्जित की। वहीं कांकेर जिले में जनकल्याण और जागरूकता आधारित कार्यक्रमों के लिए जिला संगठक भागीरथी नायक की सराहना हुई।

बस्तर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय एनएसएस कैंप की संभावित तिथि प्रदान किए जाने से क्षेत्रीय गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई गई। बैठक ने अनुदान,पंजीयन, विशेष शिविर, माय भारत पोर्टल एवं वार्षिक योजना निर्माण पर सुविचारित मार्गदर्शन का आधार तैयार किया, जिससे आगामी सत्र में एनएसएस कार्यों की गति और प्रभाव दोनों बढ़ने की संभावनाएं प्रबल हुईं।

## खबर संक्षेप

### एक राष्ट्र एक चुनाव के महत्व को युवाओं के साथ किया संवाद



**लोहंडीगुड़ा।** एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के निमित्त लोहंडीगुड़ा विकासखंड के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गढ़िया में युवाओं के बीच एक राष्ट्र एक चुनाव के महत्व को युवाओं के साथ संवाद किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, मंडल अध्यक्ष मंगतु कश्यप, भाजपा मंडल कार्यालय मंत्री मोती कश्यप उपस्थित रहे।

### नवोदय चयन परीक्षा में 710 में 101 अनुपस्थित



**बस्तर।** बस्तर जिले के बस्तर ब्लॉक में आज 6वी में प्रवेश हेतु नवोदय चयन परीक्षा के अंतर्गत बस्तर ब्लॉक के 3 केंद्रों कन्या बस्तर, सेजेस बस्तर व कन्या परिसर परचनपाल में 240, 240 व 230 710 विद्यार्थियों की परीक्षा होनी थी। जिसमे 101 अनुपस्थित रहे। सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी द्वारा सभी केंद्रों का निरीक्षण कर उनके द्वारा जानकारी दी गई।

## निधन

### नीलिमा मार्क

**जगदलपुर।** मदन मोहन मालवीय वार्ड नयामुंडा पारा निवासी नीलिमा मार्क 81 वर्ष का आज संध्या 4 बजे एम.पी एम अस्पताल में निधन हो गया। वह अपने पीछे पति, पुत्र, पुत्रवधू, पुत्री, दामाद, नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम क्रिया कर्म (बरियल) शांति नगर स्थित मसीह कब्रिस्तान में रविवार को संध्या 4 बजे किया जाएगा।



## रेल मंत्री से मिले सांसद महेश

# बस्तर, विशाखापट्टनम, भुवनेश्वर, राउरकेला और रायगढ़ मार्गों पर नई ट्रेनों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी को गतिशील बनाने और जनजातीय बहुल अंचलों को देश की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से बस्तर सांसद महेश कश्यप ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सौहार्दपूर्ण मुलाकात कर क्षेत्र में रेल सेवाओं के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बस्तर की जनता की वर्षों पुरानी मांगों को प्राथमिकता से रखते हुए वंदे भारत, जनशताब्दी के साथ नई यात्री ट्रेनों के

■ बस्तर को नई रेल सौगात की ओर वंदे भारत व जनशताब्दी सेवाओं की रखी अहम मांग

संचालन तथा स्वीकृत चार रेल परियोजनाओं रावघाट-जगदलपुर लाइन, ओडिशा के कोरापुट–मलकानगिरी–भद्राचलम लाइन को सुकमा से जोड़ने, तथा जनजाति गौरव बस्तर कॉरिडोर की शीघ्र घोषणा की कार्यगति बढ़ाने की मांग की। सांसद कश्यप ने बताया कि बस्तर की भौगोलिक स्थिति, औद्योगिक संभावनाओं और बढ़ते यात्री दबाव को देखते हुए तेज, सुरक्षित और आधुनिक रेल सेवा अब समय की आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने रेल मंत्री से आग्रह किया कि इन जनहितकारी मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर बस्तर को नई रेल सुविधाएं प्रदान की जाएं।



### बस्तर से प्रमुख महानगरों तक वंदे भारत ट्रेन की मांग

जगदलपुर–विशाखापट्टनम वंदे भारत : व्यापार, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगरनार स्टील प्लांट के कारण इस कनेक्टिविटी का औद्योगिक महत्व भी बढ़ गया है।जगदलपुर–भुवनेश्वर वंदे भारत : जगन्नाथ धाम दर्शन हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा करते हैं। वर्तमान 16 घंटे की यात्रा वंदे भारत से 7–8 घंटे में पूरी हो सकेगी।जगदलपुर–राउरकेला वंदे भारत : छात्रों, व्यवसायियों और यात्रियों के लिए त्वरित कनेक्टिविटी का बड़ा विकल्प बनेगा।जगदलपुर–रायगढ़ जनशताब्दी राज्य के दो प्रमुख शहरों के बीच व्यापार,चिकित्सा, शिक्षा और पर्यटन में नए अवसर खुलेंगे।

### बस्तर की रेल क्रांति की दिशा

नई दिल्ली में हुई यह चर्चा बस्तर को देश के प्रमुख औद्योगिक, धार्मिक और व्यापारिक नगरों से हाई-स्पीड रेल सेवा द्वारा जोड़ने की निर्णायक पहल है। स्वीकृत रेल परियोजनाओं की गति बढ़ाने,नई वंदे भारत व जनशताब्दी सेवाओं की मांग तथा बस्तर कॉरिडोर की घोषणा के साथ क्षेत्र को अभूतपूर्व रेल सुविधाएं मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे बस्तर की यात्रा सरल, समयबद्ध और सुरक्षित होगी तथा व्यापार और रोजगार की नई संभावनाएं सामने आएंगी।

### जन हित से जुड़ी मांगें क्रियान्वयन की अपेक्षा

सांसद ने दिल्ली से हरिभूमि से चर्चा करते कहा कि ये सभी प्रस्ताव सीधे तौर पर क्षेत्र के विकास,रोजगार और कनेक्टिविटी को प्रभावित करते हैं। प्रेस के लिए जारी अपने बयान में उन्होंने बताया कि बस्तर का सर्वांगीण विकास ही उनका संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि पहली बार बस्तर को यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में ऐतिहासिक सौगात मिली है और शीघ्र ही वंदे भारत तथा जनशताब्दी ट्रेनों पर सकारात्मक निर्णय अपेक्षित है।

# नवोदय चयन परीक्षा में 1779 बच्चों ने आजमाई किस्मत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर में अगले सत्र 2025-26 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन शनिवार को हुआ। परीक्षा के लिए कुल 2094 बच्चों का पंजीयन कराया गया था, जिनमें 1779

■ कटेकल्याण के परीक्षा सेंटर में तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत

बच्चे इस परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा का समय सुबह 11.30 से दोपहर 1.30 बजे निर्धारित था। दूरस्थ क्षेत्र कटेकल्याण के परीक्षा केंद्र में पहुंचे बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। साथ ही पेन वितरण कर उनका उत्साह भी अफसरों व शिक्षकों ने बढ़ाया। इस परीक्षा के लिए दंतेवाड़ा जिले में स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम स्कूल दंतेवाड़ा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल दंतेवाड़ा, शासकीय बालिका उमा विद्यालय कुआकोण्डा, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कटेकल्याण, शासकीय बालिका उ. मा. विद्यालय गीदम, कन्या शिक्षा परिसर गीदम में केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, समग्र शिक्षा अभियान के जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम, सहायक संचालक शिक्षा अहिल्या ठाकुर, दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण व कुआकोंडा ब्लॉक के बीईओ, बीआरसी व परीक्षा केंद्राध्यक्ष के अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव व परीक्षा समन्वयक शिक्षकगण का अहम योगदान रहा। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि परीक्षा में 84.5 फीसदी उपस्थिति रही। परीक्षा निर्विघ्न व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। स्वच्छ व निष्पक्षतापूर्वक आयोजित करने आवश्यक उपाय किए गए थे। परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्र-छात्राओं के साथ लाए जाने वाले परिचय पत्र व पहचान के अन्य जरूरी दस्तावेजों के बारे में पूर्व से अवगत करवा दिया गया था।

# पहली बार हुआ थाई बॉक्सिंग स्टेट चैम्पियनशिप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं थाई बॉक्सिंग संग के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन जिले के इंडोर स्टेडियम में किया गया। दन्तेवाड़ा जिले में आयोजित हुई पहली थाई बॉक्सिंग स्टेट चैम्पियनशिप ने छत्तीसगढ़ के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया यह आयोजन दन्तेवाड़ा के लिए गर्व उत्साह और दिखाने का बेहतरीन मौका बन गया।

मुख्य संचालन छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा और होस्टिंग व संपूर्ण मैनेजमेंट दन्तेवाड़ा थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम को जिला प्रशासन एवं जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, जिसने इवेंट की गुणवत्ता को एक अलग स्तर पर पहुँचा दिया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में जिले के प्रतिष्ठित हस्तियाँ उपस्थित रही। मुख्य अतिथि चैतराम अटामी विधायक दन्तेवाड़ा, विशेष अतिथि ओजस्वी मण्डावी सदस्य छग राज्य महिला आयोग, नन्दलाल मुडामी अध्यक्ष जिला पंचायत दन्तेवाड़ा, अरविन्द कुंजाम उपाध्यक्ष जिला पंचायत दन्तेवाड़ा, कुनाल दुदावत कलेक्टर दन्तेवाड़ा, गौरव राय पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा, जयंत नाहटा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला खेल अधिकारी, हिडमा कवासी अध्यक्ष जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा, पायल गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा, रजनीश सुराना अध्यक्ष नगर पंचायत गीदम एवं रामुराम नेताम सदस्य जिला पंचायत दन्तेवाड़ा उपस्थित रहे। इस सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और दन्तेवाड़ा की मेजबानी की खुलकर प्रशंसा की।

समापन समारोह पूरे जोश और सम्मान के साथ समन्न हुआ। विजेताओं को सम्मानित किया गया और खिलाड़ियों की तालियों ने पूरे स्टेडियम में गर्व का माहौल बना दिया। उक्त प्रतियोगिता में 6 वर्ष से लेकर 11 वर्ष के खिलाड़ियों हेतु कैडेट प्रतियोगिता के साथ, सब-जूनियर अण्डर-14, जूनियर अण्डर-17, सीनियर अण्डर-21 एवं प्रो फाइट महिला व पुरूष दोनों वर्गो में इसके अलावा म्यूजिकल फॉम डेमो मेच भी कराया जाने से युवा खिलाड़ियों को मंच मिला। प्रतियोगिता में नियम-निर्देशो का पूरी तरह से प्रो लेवल पर आयोजन निम्न फाइट जैसे, ततामी फाइटर्स में इस्तेमाल होने वाले पंच एवं किक, रिंग फाइटर्स में इस्तेमाल होने वाले पंच, किक एवं नि, प्रो फाइटर्स में इस्तेमाल होने वाले पंच, किक नि के साथ एलबो को भी अनुमति दिया गया था। लगभग 19 जिलो से कुल 380 प्रतिभागियों ने अपना जौहर दिखाते हुए जिसमें सिर्फ दन्तेवाड़ा जिले से 140 खिलाड़ी ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। यह दिखाता है कि दन्तेवाड़ा में खेल प्रतिभा किस स्तर पर बढ़ रही है।

राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में ओवल ऑल दन्तेवाड़ा जिला प्रथम लाते हुए चैम्पियनशिप अपने नाम किया तथा द्वितीय में जिला कोरबा एवं तृतीय जिला दुर्ग ने अपना स्थान प्राप्त करते हुए विशेष प्रो फाइटर्स में अण्डर-18 महिला व पुरूष दोनों वर्गो में टाईटल बेल्ट भी दन्तेवाड़ा जिला ने अपने नाम किया, वह पूरे चैम्पियनशिप का सबसे गर्व भरा क्षण रहा।

### खिलाड़ियों को मिला मार्गदर्शन

राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के आयोजन में जिला प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप में प्रदीप सिंह सहायक खेल अधिकारी खेल एवं युवा युवा कल्याण विभाग के साथ संदीप साह थाई बॉक्सिंग प्रशिक्षक एवं सचिव जिला थाई बॉक्सिंग संघ दन्तेवाड़ा ने अपनी भूमिका बेहद शानदार और प्रोफेशनल तरीके से निभाई उनकी क्लियन विजन, ग्राउण्ड लेवल मैनेजमेन्ट और खिलाड़ियों को सही मार्गदर्शन देने के कारण यह आयोजन शुरूआती ही वर्ष में इतनी बड़ी सफलता के साथ आयोजित हुआ। उपरोक्त राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग के सफल आयोजन में जिले के शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, जिला प्रशासन द्वारा सम्मिलित सभी को संदीप साह सचिव थाईबॉक्सिं संघ ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

### रोजी रोटी गरीबों की प्रभावित

**जगदलपुर।** नगर निगम क्षेत्र के अन्य हिस्से पल्ली नाका से गोरियाबहार पुल,आसना से परपा थाना तक उसी तरह उपेक्षित रहते हैं। यदि किसी बड़े नेता के आगमन से ही शहर चमकता है। राजेश चौधरी ने प्रशासन से आग्रह किया कि वीआईपी दौरे के नाम पर केवल तय समय-सीमा में ही यातायात बाधित किया जाए,पूरे नगर निगम क्षेत्र में समान रूप से साफ-सफाई हो, दुकानों को अनावश्यक बंद न कराया जाए और आम नागरिकों की आवाजाही व आजीविका का सम्मान किया जाए।



### हितग्राहियों को 10 लाख का मिला आबंटन

**दंतेवाड़ा।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये मंत्रियों के जनसंपर्क दौरे मद में रूपए 10 लाख का आबंटन दन्तेवाड़ा जिले को प्राप्त हुआ है। क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी द्वारा 11 नवंबर को प्रस्तावित कार्यों की सूची पर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के द्वारा की गई अनुशंसा के अनुसार जनसंपर्क निधि से हितग्राहियों को आर्थिक सहायता हेतु 8 लाख 75 हजार रूपये की सहायता राशि वितरण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# धान खरीदी की अव्यवस्था पर आप का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शुक्रवार को आम आदमी पार्टी बस्तर ने किसानों की गंभीर समस्याओं के विरोध में कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि बस्तर जिला समेत पूरे संभाग के किसान धान खरीदी में अभूतपूर्व परेशानी झेल रहे हैं,परंतु सरकार उनकी समस्याओं को लेकर उदासीन बनी हुई है।

■ किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

आप नेता समीर खान ने कहा कि राज्य और केंद्र दोनों में डबल इंजन की भाजपा सरकार होने के बावजूद किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है। सामान्यतः एक सोसाइटी में प्रतिदिन 1400–1500 क्विंटल धान खरीदा जाता है, लेकिन इस वर्ष स्थिति इतनी बदतर है कि मात्र 5 से 10 किसानों को ही टोकन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसान रोजाना अपनी सोसाइटी के चक्कर काट रहे हैं, फिर भी उन्हें खरीदी का अवसर नहीं मिल पा रहा।

उन्होंने कहा कि अन्नदाता अपनी मेहनत और संघर्ष से फसल तैयार करते हैं, पर सरकार उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। कई किसान आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं और आत्महत्या जैसी स्थितियों तक पहुँच रहे हैं, जो चिंताजनक है।


आम आदमी पार्टी ने मांग की कि धान खरीदी प्रक्रिया को अविलंब सुधारते हुए सभी किसानों को समय पर टोकन उपलब्ध कराया जाए। खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था, धीमी प्रक्रिया और बड़े व्यापारियों द्वारा किए जा रहे धान खरीदी की जांच की जाए। पार्टी ने कहा कि बड़े व्यापारियों को लाभ पहुंचाने से वास्तविक व छोटे किसान उपेक्षित हो रहे हैं, इसलिए प्राथमिकता वास्तविक किसानों को दी जानी चाहिए। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं पर तुरंत संज्ञान नहीं लिया गया, तो आम आदमी पार्टी बड़े आंदोलन को बाध्य होगी। इस दौरान हरीश नाग,रमेश बघेल, नरपत वामन, करती अस्तु मांडवी सहित अनेक आप कार्यकर्ता शामिल रहे।




### धान खरीदी में अव्यवस्था पर आपत्तियां

आम आदमी पार्टी ने बस्तर में धान खरीदी की व्यवस्था को पूरी तरह बिगड़ा हुआ बताते हुए टोकन वितरण,खरीदी की गति, केंद्रों में अव्यवस्था, बड़े व्यापारियों को लाभ पहुँचाए जाने और वास्तविक किसानों की उपेक्षा जैसे कई बिंदुओं पर आपत्ति जताई है। पार्टी का कहना है कि किसानों को सम्मानपूर्वक खरीदी का अधिकार और समयबद्ध सुविधा मिलनी चाहिए, अन्यथा वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# हमारे बुजुर्ग किसान, कलाकार जीती जागती किताबें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

प्राथमिक शाला घाटकवाली, संकुल कुड़कानार में संकुल स्तरीय कहानी कथन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चें, शिक्षक, कहानीकार, समुदाय शामिल रहे।

सर्वप्रथम कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र में दीप प्रज्वालित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। तत्पश्चात स्कूलों से बच्चों सांस्कृतिक कार्यक्रम दिखाया। उसके बाद बच्चे समूह में कहानी सुनकर, लिखे एवं उसका चित्र बनाकर रंग भरे व अभिव्यक्त किए। संकुल समन्वयक आयतु राम पाडे ने बताया कि बच्चों को यह कार्यक्रम भाषा और ज्ञान की विशाल संसार को जोड़ती है, जिससे उनकी शब्दावली, व्याकरण एवं समझने की क्षमता विकसित होती है साथ ही बोलने, सुनने, पढ़ने, लिखने की क्षमताओं को भी निखारती है, साथी यह भी बताया कि हमारे आसपास रहने वाले लोग हमारे बुजुर्ग किसान, कलाकार सिर्फ व्यक्ति नहीं होते, बल्कि जीती-जागती किताबें हैं। उनकी जिंदगी में छुपी हुई कहानी हमारे लिए प्रेरणादायक बन सकती है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सुझावित बातों को भी साझा किया। स्थानीय समुदाय का ज्ञान, लोक परंपराएं, संस्कृति, शिल्प, हस्तकला एवं जीवन कौशल, समुदाय की विशेषताओं का अनुभव को स्कूल शिक्षा से जोड़ा जाए, ताकि शिक्षा अधिक व्यावहारिक स्थानीय और वास्तविक जीवन से जुड़ी हो। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच तामेश्वरी कश्यप, उपसरपंच चंपा मौर्य, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रूपधर, उपाध्यक्ष लखेश्वर, प्रधानाध्यापक शंकर कश्यप, संकुल समन्वयक आयतु राम पाडे, मनोज साहू, ज्योति पन्ना, संतोषी बघेल, सावली मौर्य, दीपशिखा टोप्पो, पूजा राठिया, महाराष्ट्र क्विस्ट टीम से वृशाली, रवि, मधुरा व एफएलएन टीम से ज्योति चंदेल, ईश्वर साहू ग्राम के पालकगढ़, बच्चे, समुदाय, कहानीकार उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र./क/तह./2024-25
तोकापाल दिनांक 10/12/2025

**-- उद्घोषणा--**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोमारू कश्यप पिता स्व. सुखराम जाति माड़िया निवासी ग्राम भेजरीपदर तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पिता सुखराम कश्यप/मुडो के मृत्यु तिथि 21/10/2024 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत भेजरीपदर के अंतर्गत है, यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/ पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 24/12/2025 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 10/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 24/12/2025

मुहर

नायब तहसीलदार
तोकापाल

## खबर संक्षेप

### नियुक्ति तिथि से सेवा गणना व क्रमोन्नति की मांग पर फिर गरजेंगे शिक्षक



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला बस्तर की बैठक शनिवार को शहीद पार्क में हुई। जिसमें नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, पुरानी पेंशन तथा क्रमोन्नति समयमान, वेतनमान जैसे मुद्दों पर सहमति बनी। बैठक में स्पष्ट किया गया कि एलबी संवर्ग के शिक्षकों के हितों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर संगठन आंदोलन करेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि सोना साहू प्रकरण के आधार पर चल रही न्यायिक व वैधानिक लड़ाई को तेज किया जाएगा। शासन से सभी शिक्षकों के लिए समान रूप से लागू होने वाला जनरल आदेश जारी करने की मांग की गई। अन्यथा वैकल्पिक रणनीति के तहत आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। जिलाध्यक्ष लुदरसन कश्यप ने बताया कि जनप्रतिनिधियों से कई बार मांग रखी जा चुकी है। यदि शासन स्तर पर समाधान नहीं हुआ तो संगठन फिर से आंदोलन करेगा,जिसके लिए सभी शिक्षकों को एकजुट रहना होगा। बैठक में तय किया गया कि स्थानीय स्तर पर सेवा पुस्तिका सत्यापन विभागीय रूप से कराया जाए, पारिवारिक पेंशन व अनुकम्पा नियुक्ति की प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाए।

### गणित में विद्यार्थियों को भविष्य बनाना चाहिए



**बकावण्ड।** छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद छत्तीसगढ़ एवं जिला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मूली में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनबारी भद्रे अध्यक्ष जनपद पंचायत बकावंड ने की। मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर भावेश कुमार नेताम प्राचार्य वीर योद्धा जकरतन भतरा शासकीय महाविद्यालय बकावंड ने गणित के विषय पर अपना वक्तव्य दिया और कहा गणित विषय में विद्यार्थियों को अपना भविष्य और करियर चुनना चाहिए, बस्तर जिले में इसके लिए गणित को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है उन्होंने रोचक तरीके से गणित के अध्यापन की विधि बताई । संस्था के प्राचार्य आनंद अय्यर ने भी अपने विचार व्यक्त किया और गणित के अपने 38 साल के अध्यापन का अनुभव बच्चों को बताया। इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता, मॉडल प्रदर्शनी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई ।

### वेरियर एल्विन के विचारों की रोशनी में मानव विज्ञान पर मंथन



**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला में ह्यूमन ट्रेट्स एंड इनहेरिटेंस इन द वर्ल्ड ऑफ वेरियर एल्विन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मानव विज्ञान सर्वेक्षण, दक्षिण क्षेत्रीय केंद्र मैसूर डॉ मिथुन सिकदार और मानव विज्ञान सर्वेक्षण, मध्य क्षेत्रीय केंद्र नागपुर डॉ. सुभ्रा बारिक मुख्य वक्ता रहे। डॉ सिकदार ने मानव लक्षणों, वंशानुक्रम के प्रकार, एकल जीन से उत्पन्न गुणों, वंशानुगत रोगों तथा परिवार व समाज में गुणों के प्रसार पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंशानुक्रम केवल जैविक प्रक्रिया नहीं,बल्कि पर्यावरण, समाज और संस्कृति से प्रभावित होकर मानव व्यक्तित्व का निर्माण करता है। डॉ बारिक ने संस्कृति को सतत परिवर्तनशील प्रक्रिया बताते हुए कहा कि समाज का विकास उसकी जनसंख्या संरचना, संसाधन उपयोग और सांस्कृतिक स्वरूप पर निर्भर करता है।

# अमित शाह का आत्मीय स्वागत...







**जगदलपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया। गृहमंत्री के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का भी आत्मीय स्वागत किया गया। जगदलपुर एयरपोर्ट पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण देव, बस्तर सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग समेत विभिन्न जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर अध्यक्ष बेवरेज कारपोरेशन श्रीनिवास राव मद्दी, अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग रूपसिंह मंडावी, डीजीपी अरुण देव गौतम, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस और एसपी शलभ सिन्हा सहित जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया।

# भर्ती में स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संयोजक नवनीत चांद के नेतृत्व में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नाम का ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को दिया गया। वे नक्सल समस्या को दूर करने के प्रयास के लिए बधाई देने के साथ कुछ अन्य विषयों पर चर्चा करना चाहते थे। लेकिन उन्हें समय नहीं दिया गया। अपने निवास के सामने वे समर्थकों के साथ धरने में बैठ गए। जहां अधिकारी पहुंचे और ज्ञापन स्वीकार किया।

ज्ञापन में बस्तर के सर्वांगीण विकास एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए पृथक बस्तर राज्य की मांग की गई है। नवनीत चांद ने कहा कि केरल राज्य के बराबर होने के बाद भी हमारा बस्तर आंध्र प्रदेश उड़ीसा तेलंगाना से पिछड़ा क्यों है। केंद्र के साथ राज्य सरकार के योजनाबद्ध पहल से नक्सली गतिविधियां कम हुई है यह स्वागत योग्य है। हमारी मांग है कि स्थानीय रोजगार में बस्तर वासियों को 100 प्रतिशत आरक्षण मिले। मेडिकल कॉलेज सर्व सुविधायुक्त हो। बस्तर में नदी को बचाने के साथ पर्यावरण एवं सड़क, ट्रेन सुविधा जिसे लेकर राव घाट परियोजना के द्वितीय फेस का काम शीघ्र आरंभ किया जाए। निक्को खदान की स्वीकृति लीज का सीमांकन, लीज सार्वजनिक हो एवं पर्यावरण शर्त प्रबंधन योजना की जांच हो ।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
- सीनियर मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (रीजनल)
- मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (रीजनल)
- शैक्षणिक योग्यता : 12वीं / स्नातक
- अनुभव: मार्केटिंग / सेल्स में एवं कम्प्यूटर (अनुभवी को प्राथमिकता)
- कौशल : उत्तम संप्रेषण क्षमता, टीम भावना, तथा ग्राहक संबंध बनाने की योग्यता
- वेतन : आकर्षक वेतन एवं प्रोत्साहन
- स्थान : रायपुर (छ.ग.)

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा के साथ हरिभूमि रायपुर कार्यालय में संपर्क करें
संपर्क
संपर्क करें : inhnewshr@gmail.com
एच.आर.
9303492276
9522283349
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

# आयोजन की विशेषताओं को नहीं भूलेंगे श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पिछले 7 से 13 दिसंबर तक आयोजित शिव महापुराण कथा आज सम्पन्न हुई। कथा के अंतिम दिवस लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ कथा सुनने के लिए उमड़ पड़ी और श्रद्धालुओं ने आनंदपूर्वक कथा का रसपान किया। साथ ही शिव महापुराण कथा के सफल आयोजन पर कथा सुनाने आए भक्तों और नगर वासियों ने आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया । आयोजन समिति ने बाहर से आए लोगों के लिए दिन-रात मेहनत कर उनके भोजन और रहने की समुचित व्यवस्था की जिसकी लोगों ने सराहना की है। नगर वासियों ने आयोजन समिति की तारीफ करते हुए कहा कि कथा के आयोजन में सभी व्यवस्थाएं अच्छी थीं। नगर वासियों ने आयोजन समिति के सदस्यों की मेहनत और समर्पण की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन से नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है।

पंडित प्रदीप मिश्रा ने आयोजन समिति द्वारा दिव्यांग जनों के लिए की गई विशेष पहल की सराहना की। आयोजन समिति ने दिव्यांग जनों को पंडित जी से मिलाने के लिए उनके कथा समाप्त कर जाने के मार्ग में बिठाकर उनसे मिलवाने की पहल की थी, जिसे पंडित प्रदीप मिश्रा ने बहुत अच्छी पहल बताया।

शिव महापुराण कथा के आयोजन में कई विशेषताएं थीं। कथा के दौरान भक्तों ने भगवान शिव की भक्ति में लीन रहे और उनके ज्ञान से अपने आधार पर अपने जीवन को पवित्र बनाने का संकल्प लिया।

आयोजन समिति ने कथा के सफल आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की थीं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि:- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

जिलों में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| जगदलपुर शहर | 5 पद | योग्यता |
| कोण्डागांव शहर | 5 पद | 12वीं से स्नातक |
| भानुप्रतापपुर शहर | 2 पद | वेतन |
| कांकेर शहर | 3 पद | 15000/- |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो जगदलपुर शहर, कोण्डागांव शहर, भानुप्रतापपुर शहर, कांकेर शहर क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें। जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : चांदनी चौक, पूनम होटल जगदलपुर, मो. 9425590411, 9131893124
ब्यूरो कार्यालय : ऊपर नीचे रोड, कांकेर मो. 70009 55574
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि